तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

12 हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ राज दशहरा पर्व



10 देवरीबंगला में मूर्ति विसर्जन में उमड़ी श्रद्धालुओं ..



खबर संक्षेप

गेमन भुआर्य का राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

दल्लीराजहरा। शासकीय हाई स्कूल नर्राटोला में कक्षा दसवीं के छात्र गेमन भुआर्य का चयन 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता-2026 के अंतर्गत 19 वर्ष आयु वर्ग की फुटबॉल टीम के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 23 से 26 अक्टूबर तक सरगुजा संभाग में आयोजित होगी, जिसमें गेमन दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। रानी दुर्गावती फुटबॉल क्लब चिखली के सचिव एवं कोच चन्द्रशेखर पवार ने बताया कि गेमन मिडफील्डर के साथ गोलकीपर की भूमिका भी निभाते हैं। उनके चयन से क्षेत्र के खेलप्रेमियों और ग्रामीणों में हर्ष है। गेमन की इस उपलब्धि पर जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष सौरभ दुनिया, जिला शिक्षा अधिकारी दीपक दुबे, जिला खेल अधिकारी एवं खेल समन्वयक सपन जेना, संकुल प्राचार्य विनीता सैनी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार चतुर्वेदी, जेएस ठाकुर, संजय ठाकुर, सरपंच हिंछा राम चिराम, विद्यालय के प्राचार्य हरनारायण साहू, जगप्रीत संधू सहित ग्रामीणों एवं क्लब के खिलाड़ियों ने बधाई देते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।



चिपरा में तीन साल बाद भी अधूरी जल जीवन मिशन योजना, ग्रामीण पानी के लिए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर तक नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य है, लेकिन आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्राम पंचायत चिपरा में स्वीकृति के लगभग तीन वर्ष बाद भी योजना का काम अधूरा है। गांव में पानी टंकी का निर्माण पूरा नहीं हुआ है और घरों तक नल कनेक्शन के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी शुरू नहीं हुआ है। इससे ग्रामीणों को पेयजल सहित दैनिक जरूरतों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम चिपरा में लगभग 450 घरों में करीब 2500 महिला, पुरुष और बच्चे निवास करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में हैंडपंप और चार बोर के सहारे पानी की जरूरतें पूरी की जा रही हैं। गर्मी के दिनों में पानी की खपत बढ़ने से परेशानी और बढ़ जाती है। तालाब का पानी मवेशियों और निस्तारी के काम आता है।

शौचालय उपयोग पर भी पड़ रहा असर: ग्रामीणों का कहना है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत घरों में शौचालय बनने के बाद पानी की जरूरत बढ़ी है। पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने से कुछ ग्रामीण शौचालयों का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं और खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। जल जीवन मिशन का काम समय पर पूरा नहीं होने से योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

पानी टंकी का निर्माण अधूरा, घरों तक नहीं बिछी पाइपलाइन



जनदर्शन में आवेदन के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने कहा कि तीन-चार साल बाद भी निर्माण की प्रगति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए योजना जल्द पूरी कराने की मांग की। सरपंच यश राणा ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों और कलेक्टर जनदर्शन में भी कार्य पूरा कराने के लिए आवेदन दिया गया है, लेकिन पानी टंकी का निर्माण अब तक अधूरा है। निर्माण कार्य और पाइपलाइन के संबंध में जानकारी लेने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग डोंडी के एसडीओ नितिन ठाकुर से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने, जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करने तथा निर्धारित समय में काम पूरा नहीं करने वाले दोषी ठेकेदार पर कार्यवाई मांग की है।

समीक्षा : बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस के निर्देश

कलेक्टर ने ली बैठक, उप मुख्यमंत्री विजय के दौरे की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के प्रस्तावित दो दिवसीय बालोद प्रवास की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज समय–सीमा की बैठक में तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान 23 अक्टूबर को प्रभारी मंत्री द्वारा ली जाने वाली समीक्षा बैठक और 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाले लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के लिए मिनट–टू–मिनट रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही विभागीय योजनाओं, विकास कार्यों और जिले की उपलब्धियों पर आधारित प्रेजेंटेशन (पीपीटी) तैयार करने के संबंध में भी प्रमुखता से चर्चा की गई।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने पीपीटी तैयार करने में संबंधित विभागों की धीमी तैयारी पर नाराजगी जताई। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि पीपीटी प्रेजेंटेशन को अगले दिन प्रथम पाली में ही तैयार कर प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रेजेंटेशन में अनावश्यक विस्तृत जानकारी के बजाय जिले की प्रमुख उपलब्धियों, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों की प्रगति और महत्वपूर्ण परिणामों को संक्षिप्त एवं तथ्यपरक तरीके से प्रस्तुत किया जाए, ताकषा बैठक में आवश्यक बिंदुओं पर प्रभावी ढंग से चर्चा हो सके। समय–सीमा की बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के प्रति कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण बैठकों में अधिकारियों की उपस्थिति और सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन आवश्यक है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय–सीमा में तैयारियां पूरी करें। उल्लेखनीय है कि 23 और 24 अक्टूबर को उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा का दो दिवसीय बालोद आगमन प्रस्तावित है। इस दौरान विभिन्न विभागों के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री वितरण, उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान तथा जिले की विकास उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के लिए संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा समीक्षा बैठक और मुख्य कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।



भालूकोन्हा में भालू की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत, घर का दरवाजा तोड़कर घुसा, मचाई हलचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौण्डीलोहारा

क्षेत्र के ग्राम भालूकोन्हा में एक बार फिर भालू की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। बुधवार सुबह करीब 4 बजे भालू ने ग्रामीण गोरेलाल गौर के घर का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश कर लिया। अचानक घर में भालू के घुसने की घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के प्रयास से भालू को वहां से भगाया गया, लेकिन इसके बाद भी उसकी आवाजाही थमने का नाम नहीं ले रही है। दिनभर भालू की गतिविधियों को लेकर ग्रामीण चिंतित रहे।

जानकारी के अनुसार, गोरेलाल गौर के घर से निकलने के बाद भालू आनंद पब्लिक स्कूल की ओर से होते हुए आगे बढ़ा। कुछ देर बाद सुबह करीब 6 बजे ग्राम कामता में एक ग्रामीण के घर में घुसने की सूचना मिली। यहां भालू ने घर में रखे तेल और शक्कर को खाया और फिर वहां से निकल गया। लगातार दो स्थानों पर घरों में भालू के घुसने की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और चिंता बढ़ गई है।



सुबह से रात तक भालू की आवाजाही की चर्चा

सुबह की घटनाओं के बाद दिनभर भालू का कोई स्पष्ट पता नहीं चल पाया। ग्रामीण उसकी गतिविधियों को लेकर सतर्क रहे। वहीं, समाचार लिखे जाने तक रात करीब 9 बजे भालू के फिर से भालूकोन्हा लौटने की जानकारी सामने आ रही थी। इससे ग्रामीणों ▶▶ शेष पेज 11 पर

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी & inh 24x7 बढ़ते भारत की आवाज Presents



डॉ. हिमांशु द्विवेदी
(प्रधान संपादक)
हरिभूमि, आईएनएच



श्रीमती संगीता सिन्हा
विधायक बालोद



अनिला भेड़िया
विधायक डौंडीलोहारा



श्री कुंवर सिंह निषाद
विधायक गुंडरदेही



मा. विजय शर्मा
उपमुख्यमंत्री



मा. भोजराज नाग
सांसद, कांकेर

जिला संवाद 2026

जिला संवाद 2026
बालोद
छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई वर्ष

पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यो एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन एक मंच पर

कार्यक्रम – 23 अक्टूबर 2026, दिन शुक्रवार, समय – दोपहर 4.30 बजे
माहेश्वरी भवन गंजपारा,बालोद (छ.ग.)

जिला संवाद 2026



इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति बालोद के विकास को सुनिश्चित करेगी

MP TATA PLAY 1155 | airtel 366 | hathway 229 | DEN 350 | ACN 172 | DISHANA 367 | SITI 359 | RCN 236 | RAJA CABLE 253 | ACN 227 | inh 24x7 जनता TV
CG TATA PLAY 1155 | airtel 366 | hathway 222 | DG 367 | 347 | Grand NEWS 345 | SITI 314 | BCC 326 | NST 1150 | VANDE MATRAM NETWORK 225 | 478 | NEXT DIGITAL 812 | JioTV 1163

विजयाशमी पर नीलकंठ के दर्शन की परंपरा पड़ी फीकी, कांक्रीट के जंगल में कहीं खो गया पक्षी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नीलकंठ तुम नीले रहियो, दूध भात का भोजन करियो
हमरी बात राम से कहियो, जग के भाग को बनाए रहियो।

कांक्रीट के बढ़ते जंगल और आधुनिकता की सुनामी में खूबसूरत नीलकंठ पक्षी अब विलुप्तप्राय होते जा रहे हैं। बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देने वाले दशहरा पर्व पर देवों के देव महादेव और सौभाग्य के प्रतीक इस पुण्य पखेरु का दर्शन शुभ माना जाता है। पंडितों और पक्षी विशेषज्ञों के मुताबिक बदलते परिवेश के कारण भिलाई दुर्ग ही नहीं बल्कि देश के शहरी क्षेत्रों के आसपास से धीरे धीरे नीलकंठ सहित कई पक्षी और विलुप्त होते जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि हिंदू संस्कृति में विजयादशमी त्योहार पर नीलकंठ पक्षी के दर्शन करने की परंपरा है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से इस तरह की लोकपरिपाटियां छीजती जा रही हैं। दो तीन दशक पूर्व तक लोग परिवार के साथ रावण दहन के पूर्व आउटर इलाके में खेत खार नीलकंठ को देखने जाते थे। धार्मिक मान्यता है कि नीले रंग का यह सुंदर पक्षी भगवान शिव का रुप है। इसका दर्शन करना सौभाग्य की बात होती है। लेकिन धीरे धीरे इस परंपरा की तरह यह शुभाकांक्षी पक्षी भी अब बहुत कम दिखाई देता है। धर्म ग्रंथों के अनुसार महादेव के प्रतीक माने जाने वाले नीलकंठ का पुण्य प्रसंग विजयादशमी व भगवान राम से जुड़ा हुआ है। पं. त्रिलोक मिश्रा बताते हैं कि देव दानव युद्ध के दौरान हुए समुद्र मंथन से निकले विष को भगवान शंकर के पी लेने से उनका कंठ नीला हो जाने से नाम नीलकंठ पड़ा। भगवान राम ने भी रावण वध के पूर्व जब आराधना की तो उन्हें नीलकंठ के रुप में महादेव के दर्शन हुए थे। इस कारण दशहरा पर नीलकंठ का दर्शन शुभ माना जाता है। कोहका निवासी 84 वर्षीय शतदचंद्र दुबे बताते हैं कि अब कुछ साल पूर्व तक कोहका के आगे से जेवरा सिरसा फैले पेड़ों में नीलकंठ सहजता से दिख जाते थे। लेकिन अब विजयादशमी पर एक दूसरे को सोनपत्ता भेंटकर शुभकामनाएं तक यह परंपरा सिमट कर रह गई है।

दशहरा पर देवों के देव महादेव और सौभाग्य का माना गया है प्रतीक



विषाक्त रसायनों व पर्यावरण सिमटने से विलुप्तप्राय

अन्य क्षेत्रों की तरह ट्विनसिटी और इसके आसपास भी नीलकंठ पक्षी के विलुप्तप्राय होने की वजह पर्यावरणीय संकट और फसलों में पेस्टीसाइट व रासायनिक खादों का बढ़ता उपयोग है। मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनक जैन बताते हैं कि अनाज की उपज बढ़ाने व कीटों से मुक्त करने के लिए केमिकलयुक्त खादों व दवाइयों का उपयोग पक्षियों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। नीलकंठ, गिद्ध व गौरैया आदि कई पक्षी खेतों में जब दाना चुकते हैं तो वे किडनी की बीमारी के शिकार होकर मर जाते हैं। यही वजह है कि कुछ दिनों पूर्व तक घर की छत व आंगन में दिखाई देने वाली गौरैया चिड़िया अब कम दिखाई देती है। इसी तरह जंगलों और आसपास पेड़ों के कम होने से भी परिंदों को रहवास नही मिलने से उनकी संख्या बहुत कम होती जा रही है। भिलाई दुर्ग में कुछ साल पूर्व तक जहां कभी सघन पेड़ थे अब कालोनियां बढ़ रही हैं। परिंदों को बचाने अधिकाधिक पौधे लगाने की जरुरत है।

खबर संक्षेप



शेयर होल्डरों को मिलेगा 5 प्रतिशत लाभांश, मंत्री को कराया अवगत

दुर्ग। जिला अल्पसंख्यक बचत सहकारी साख समिति का प्रतिनिधि मंडल मंत्री गजेंद्र यादव से मिला। इस अवसर पर अध्यक्ष रऊफ कुरैशी, ऋण समिति के प्रभारी बहादुर अली थारानी, प्रबंधक सुरेश कुमार सोनी ने गंजपारा दुर्ग स्थित कार्यालय में मंत्री गजेंद्र यादव को समिति से जुड़ी जानकारी दी। संस्था की ओर से प्रकाशित वार्षिक विवरणी के एक प्रति भेट कर सभी धर्म व वर्ग के समाज के निचले स्तर पर फुटकर व्यवसाय करने वालों को सहकारिता के माध्यम से बचत की भावना पैदा कर सहूलियत के आधार पर संस्था के नियमानुसार ऋण प्रदान कर आर्थिक रूप से स्वालंबी बनाने का पुनीत कार्य कर,तथा हर वर्ष अंशधारकों को 5% प्रतिशत लाभांश देने एवं संस्था कोअ वर्ग में निरंतर आडिट प्राप्त होने की जानकारी दी। इस अवसर पर संस्था ने मंत्री गजेंद्र यादव को सम्मानित भी किया।

राज्य अलंकरण हेतु आवेदन पत्र

दुर्ग। राज्योत्सव 2026 के अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा प्रदान किये जाने वाले पुरस्कारों राज्य अलंकरण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।

चार समितियों की संयुक्त शोभायात्रा निकली, जयकारों के बीच स्टाफ डैम में हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

देवरीबंगला में मूर्ति विसर्जन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, नम आंखों से दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौण्डीलोहारा

देवरीबंगला में मां दुर्गा एवं मां सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। माता रानी की विदाई के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में माता के जयकारे गूंजते रहे। नौ दिनों तक पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजनों में लीन रहे श्रद्धालु विसर्जन के समय भावुक नजर आए और नम आंखों से माता रानी को विदाई दी।

देवरीबंगला में जय बजरंग समिति, मां सरस्वती भक्त मंडल चौखड़िया पारा, न्यू दुर्गोत्सव समिति भरकापारा एवं सरस्वती उत्सव समिति नया बस स्टैंड की प्रतिमाओं की संयुक्त विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की शुरुआत बजरंग चौक स्थित गायत्री मंदिर से हुई। यहां से श्रद्धालु भक्तिमय वातावरण में प्रतिमाओं के साथ आगे बढ़े।

शोभायात्रा चौखड़िया पारा और भरकापारा होते हुए नया बस स्टैंड देवरीबंगला पहुंची। इसके बाद मारीबंगला बस स्टैंड में सभी माताजी की आरती कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए श्रद्धालुओं ने माता रानी से सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात सभी प्रतिमाओं को श्रद्धा के साथ देवरीबंगला स्थित स्टाप डैम में विसर्जित किया गया।

विदाई के समय भावुक हुए श्रद्धालुः विसर्जन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। प्रतिमाओं की विदाई के समय कई भक्त भावुक हो गए। नौ दिनों तक चले धार्मिक उत्सव के समापन पर श्रद्धालुओं ने माता रानी से सभी के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की तथा अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना की। देवरीबंगला में चारों दुर्गोत्सव एवं सरस्वती उत्सव समितियों के संयुक्त सहयोग से विसर्जन कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन ने नगर में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव का संदेश दिया।

कोसमी में श्रद्धा के साथ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन, दशहरा उत्सव भी मनाया

डौण्डीलोहारा। ग्राम कोसमी में नवदुर्गा एवं दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। इस अवसर पर दशहरा उत्सव का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। धार्मिक आस्था और उत्साह के बीच आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। नवरात्र पर्व के दौरान मां दुर्गा की आराधना के बाद प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ माता रानी को विदाई दी। विसर्जन के अवसर पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। माता रानी के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष फिर से आगमन की कामना की। आयोजन में गांव के महिला, पुरुष और युवाओं ने सहभागिता निभाई। नवदुर्गा एवं दशहरा उत्सव समिति के सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। दशहरा उत्सव के अवसर पर ग्रामीणों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे एवं सद्भाव के साथ उत्सव मनाया। ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन ग्रामीणों को एकजुट करने के साथ ही क्षेत्र की परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष दुलार सिंह साहू सहित ललित, तरुण, धनुष, रूपेश, चंद्रपाल, राकेश, सुमन, बुधराम,राधे, विश्वनाथ,राजेंद्र,पूनम,जोहित, तोरण, लोकेश, भोजूराम, मंथीर, दीपचंद, हुमन, मदन, मनीराम, उमेश, भुनेश्वर, महेंद्र सिंह राजपूत, भगतराम, सुरेश सिंह राजपूत, अतुल, गोकुल, मोनू, राजीव, कोसल, तोमेश्वर, गौरव, जीतू, दीपांशु एवं पारस यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से दुर्गा विसर्जन और दशहरा उत्सव का कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

पटेल मैदान में धूमधाम से मनाया गया दशहरा



बालोद। असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व बालोद में पूरे उत्साह, आस्था और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान में आयोजित दशहरा उत्सव में उस समय माहौल राममय हो गया, जब रावण दहन के साथ पूरा मैदान 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा। राज दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। शोभायात्रा, व्यायाम प्रदर्शन, रामलीला मंचन, आतिशबाजी और छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों नेको खास बना दिया।

रावण दहन से पूर्व योगी परिवार द्वारा पूजा–अर्चना की वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन भी किया गया। दशहरा उत्सव की शुरुआत रावण शोभायात्रा से हुई। इसके पश्चात व्यायाम प्रदर्शन से प्रतिभागियों ने अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान आतिशबाजी ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद रामलीला के मंचन के माध्यम से भगवान श्रीराम और रावण के प्रसंगों को प्रस्तुत किया गया।

बालोद के दशहरा उत्सव की अपनी विशिष्ट धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान है। यहां रावण दहन से पहले योगी परिवार द्वारा विधि–विधान से पूजा–अर्चना किए जाने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। इस वर्ष भी इस परंपरा का निर्वहन करते हुए ग्राम पटेल ठाकुरनाथ योगी ने पूजन संपन्न कराया। पूजा–अर्चना के पश्चात रावण दहन किया गया। धार्मिक आयोजन के साथ सांस्कृतिक रंगों ने भी दशहरा उत्सव की रौनक बढ़ाई। रावण दहन के बाद रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति। लोकगीतों और नृत्य के माध्यम से कलाकारों ने छगढ की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक पेश की। दशहरा आयोजन में धार्मिक परंपरा, मनोरंजन और लोक संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला। दशहरा उत्सव में क्षेत्रीय विधायक एवं महिला कांग्रेस की अध्यक्ष संगीता सिन्हा, राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ के उपाध्यक्ष राजदत्त शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, रामजी भाई पटेल, लीला लाले शर्मा, कृष्णकांत पवार, पवन साहू सहित नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज दशहरा उत्सव समिति बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा संतोष चौधरी ने की।

ओए के निःशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर में अधिकारी हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



बीएसपी के आफिसर्स एसोसिएशन और आयुर्वेगेनिक्स वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर हुआ। इसमें बीएसपी के अधिकारियों, कार्मिकों ने भाग लिया।

शिविर में डां. अभिमन्यू ,डॉ. अविनाश बैस, डॉ. दामिनी साहू डॉ. यशस्वी पटेल, ने पंचकर्म परामर्श तथा डॉ. गौरव देवांगन ने सेवाएं दीं। स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं, उनके प्रबंधन तथा दैनिक जीवन में आयुर्वेद को अपनाने औरस्वस्थ जीवनशैली, खानपान एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। ओए अध्यक्ष एनके बंछोर ने कहा कि समय पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान और उचित चिकित्सकीय परामर्श से बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने में सहायता मिलती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दिए गए सुझावों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आग्रह किया।ओए-बीएसपी के महासचिव श्री अंकुर मिश्रा ने आभार जताया। उन्होंने कहा कि आफिसर्स एसोसिएशन भविष्य में भी जनस्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष श्री संतोष सिंह ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष संतोष सिंह, सचिव प्रहलाद मौर्य, जोनल प्रतिनिधि श्रवण कुमार शुक्ला व सोमेश द्विवेदी, पूर्व ओए अध्यक्ष एसआर. दास तथा रामजसपाल, श्री मानकर, डीके साहू. साहू,राजेंद्र जोशी, केके . शर्मा, पंसारी, यशवंत साहू व विकास पात्रों आदि उपस्थित थे।

जन सेवा केंद्र में बच्चों की होगी थैरेपी

भिलाई। स्वामी विवेकानंद जन सेवा केन्द्र स्पीच थेरेपी सेंटर का उद्घाटन सेल के डायरेक्टर केके सिंह ईडी प्रवीण निगम व पवन कुमार ने किया। एबी श्रीनिवास, मनोज दुबे, सेफी चेयरमैन नरेन्द्र कुमार बंछोर, महासचिव अंकुर मिश्रा, सुनील कुमार जैन एस.सी. जगदाले, सीआई. भट्ट, सुनील कुमार नैय्यर, के. सरस्वती, सौमिक डे, सौभाग्य रंजन साहू, अखिलेश मिश्रा, संतोष सिंह, रेमी थॉमस, प्रहलाद मौर्य, अनु पी. वीरेन्द्र सिंह, अब्दुल शरीफ, एचएल. सोनवानी, श्रवण शुक्ला, जीपी सोनी, विनीत वर्मा, रोहित हरित उपस्थित थे। मुख्य अतिथि केके सिंह ने ओए के जनकल्याण कार्यों की सराहना की। श्री बंछोर ने बताया स्वामी विवेकानंद जन सेवा केन्द्र का संचालन सेवा फाउंडेशन द्वारा बीएसपी की सीएसआर पहल तथा ओईडब्ल्यूटी के सहयोग से किया जा रहा है। केन्द्र में छह माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क फिजियोथेरेपी की सुविधा प्रदान की जाती है।

पुलिस लाइन में शस्त्र पूजा, ब्लैंक कारतूस से फायरिंग कर विधि विधान से निभाई गई परंपरा, एसएसपी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग





प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप इस बार भी पुलिस लाइन में शस्त्र पूजा, वाहन पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने

- प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं हवन

विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान विभागीय शस्त्रों के साथ पुलिस लाइन के वाहनों एवं राजपत्रित अधिकारियों के शासकीय वाहनों की पूजा की गई। इस अवसर पर पुलिस लाइन में उपलब्ध विभागीय वाहनों एवं राजपत्रित अधिकारियों के शासकीय वाहनों का भी विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। शस्त्र पूजन एवं हवन की प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात निर्धारित प्रक्रिया एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप ब्लैंक कारतूसों से औपचारिक फायरिंग की गई। शस्त्र पूजन एवं हवन के पश्चात निर्धारित प्रक्रिया एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप ब्लैंक कारतूसों से औपचारिक फायरिंग की गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मणिशंकर चन्द्रा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल सहित राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने किया उद्घाटन


15 भाषाओं में साधकों को घर बैठे सिखाई जा रही गीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सनातन धर्म और श्रीमद्भगवद्गीता के पावन संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित गीता परिवार के लर्न गीता अभियान के 50वें स्वर्णिम बैच का भव्य शुभारंभ हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर भिलाई-दुर्ग क्षेत्र के गीता साधकों ने भी भारी उत्साह के साथ बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। स्थानीय साधक और श्रद्धालु ऑनलाइन माध्यम से इस राष्ट्रीय उद्घाटन समारोह से जुड़े।

- दुर्ग-भिलाई के साधकों की रही सहभागिता

लर्न गीता अभियान के इस 50वें स्वर्णिम बैच का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने किया। यह कार्यक्रम श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव एवं गीता परिवार के संस्थापक स्वामी गोविंद देवगिरि महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ। इस स्वर्णिम बैच के माध्यम से देशभर से एक लाख नए साधकों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।



15 भाषाओं पर गीता का कराया जा रहा अध्ययन

अभियान के तहत 19 अक्टूबर से नियमित ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत साधक अपनी सुविधानुसार 15 भाषाओं और 33 अलग-अलग समय विकल्पों के माध्यम से घर बैठे पूर्णतः निःशुल्क गीता का अध्ययन कर सकेंगे। इसके पूर्व, 50 वें बैच के उपलक्ष्य में 12 अक्टूबर को अखंड गीता पारायण का आयोजन भी किया गया था, जिसमें श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्यायों का 19 क्रमिक आवृत्तियों में शुद्ध संस्कृत में पारायण संपन्न हुआ।

वैश्विक स्तर पर 182 देशों में फैल रहा गीता का ज्ञान

स्वामी गोविंद देवगिरि महाराज द्वारा स्थापित गीता परिवार लर्न गीता अभियान के जरिए वैश्विक स्तर पर श्रीमद्भगवद्गीता का निःशुल्क प्रचार-प्रसार कर रहा है। वर्तमान में दुनिया के 182 देशों से लगभग 17 लाख साधक इस अभियान से जुड़कर अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में श्लोकों का अध्ययन कर रहे हैं। संस्था द्वारा बच्चों और गर्भवती माताओं के लिए भी विशेष कक्षाओं का संचालन किया जाता है। भिलाई-दुर्ग के साधकों ने इस पहल की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान से जुड़कर गीता के निष्काम कर्मयोग और जीवन मूल्यों को अपनाने की अपील की।

राज्योत्सव पर जिला मुख्यालय के शासकीय भवनों पर होगी रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 1 से 3 नवम्बर तक की रात्रि में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों स्थित सभी शासकीय भवनों पर 26 वर्षों की विकास यात्रा की थीम को प्रदर्शित करते हुए रोशन की जाए। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय भवनों में रोशनी व्यवस्था पर होने वाला व्यय संबंधित शासकीय विभाग अपने विभागीय बजट से वहन करेंगे।

शासन के निर्देशानुसार सर्व कार्यालय प्रमुख द्वारा 1 से 3 नवम्बर तक रात्रि में संबंधित कार्यालय/शासकीय भवनों में आकर्षक प्रकाश व्यवस्था किया जाएगा।

अब तक नहीं खरीदी जा सकी एक्सरे फिल्म, लौटाए जा रहे हैं मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हाथ-पैर में चोट, फ्रैक्चर की आशंका या दुर्घटना में घायल होने के बाद एक्सरे कराने जिला अस्पताल पहुंच रहे मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। टीबी मरीजों का भी चेस्ट का एक्सरे नहीं हो पा रहा है। जबकि टीबी मरीजों का तत्काल एक्सरे करना है ताकि बीमारी की पुष्टि हो सके और उनका इलाज संक्रमण बढ़ने से पहले किया जा सके। हाल यह है कि किसी मरीज को जांच के लिए निजी डायग्नोस्टिक सेंटर जाना पड़ रहा है, तो किसी को एक्सरे के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की परेशानी ज्यादा बढ़ गई है, क्योंकि सरकारी अस्पताल में कम खर्च या निःशुल्क मिलने वाली जांच के लिए अब उन्हें अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। दुर्ग जिला अस्पताल में एक्सरे फिल्म पिछले 13 दिनों से खत्म हो गई है। अस्पताल प्रबंधन ने सीजीएमएससी से फिल्म खरीदी की अनुमति ली है और परचेस आर्डर भी दे दिया है लेकिन फिल्म की आपूर्ति नहीं हो पाई है। एक्सरे फिल्म की कमी का खामियाजा उन मरीजों को भुगतना पड़ रहा है, जो सस्ता और सुलभ इलाज मिलने की उम्मीद में जिला अस्पताल पहुंचते हैं।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थाथी इलाज।
सभी प्रकार के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है।
निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

खबर संक्षेप

शूरवीर सम्मान समारोह 25 को

भिलाई। लोकतंत्र प्रहरी प्रोडक्शन एंड मीडिया हाउस प्रा, लि. एसआर हास्पिटल दुर्ग द्वारा नक्सल मुक्त उत्सव पर शहीद शूरवीरों के परिजनोंके लिए सम्मान समारोह का आयोजन 25 अक्टूबर को सीए भवन सिविक सेंटर में किया गया है। शूरवीर जवानों व कर्मयोगियों को सम्मानित किया जाएगा।

सेवानिवृत कर्मियों को दी विदाई कहा सीपीएफ जीवन का सबसे बड़ा सहारा सोसायटी का लोन रहा



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले बीएसपी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी सेक्टर-4 के सदस्यों को ससम्मान विदाई दी गई। इस विदाई समारोह में सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने सेवानिवृत्त हुए सदस्यों को सम्मानित किया और उन्हें उनके अंतिम भुगतान का चेक प्रदान किया। इस दौरान अध्यक्ष देवांगन ने कहा कि सोसाइटी की सेवाओं के प्रति हमारे सदस्यों की भावनाएं ही हमारे लिए सबसे बड़ा प्रमाण है। आयोजन में उपस्थित सदस्यों ने सोसाइटी के साथ अपने लंबे अनुभवों और कार्यप्रणाली की खुलकर प्रशंसा की। समारोह के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए मशीन असेंबलिंग एंड रि-इंजीनियरिंग शॉप-वन विभाग से सेवानिवृत्त सुशील कुमार गेडाम ने कहा कि चूंकि वे मशीन शॉप-1 में कार्यरत थे और यह सोसाइटी मशीन शॉप-1 की ही देन है, इसलिए सोसाइटी में आने पर ऐसा महसूस होता है जैसे वे अपने ही घर में आए हों। जल प्रबंधन विभाग से सेवानिवृत्त जी. चक्रधर ने कहा कि सेक्टर-4 सोसाइटी का परफॉर्मेंस हमेशा से बहुत अच्छा रहा है।

पेज 9 का शेष

सुबह से रात तक ...

की चिंता और बढ़ गई है। लोगों को आशंका है कि भालू दोबारा किसी घर या आबादी वाले इलाके में प्रवेश कर सकता है। **जनहानि नहीं, लेकिन बढ़ी चिंता:** राहत की बात यह है कि अब तक भालू द्वारा किसी ग्रामीण को नुकसान पहुंचाने की जानकारी नहीं मिली है। हालांकि, घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने और दूसरे गांव में भी घर तक पहुंचने की घटनाओं ने लोगों को सतर्क कर दिया है। ग्रामीणों के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि सुबह और रात के समय जब लोग घरों में रहते हैं या जरूरी काम से बाहर निकलते हैं, तब भालू की मौजूदगी खतरा पैदा कर सकती है। वन विभाग द्वारा इसके लिए कोई ठोस पहल करने आवश्यकता ग्रामीणों के बार-बार कहीं जा रही है। ग्रामीण अकेले घर से बाहर निकलने से बचें, बच्चों को विशेष सावधानी में रखें और भालू दिखाई देने पर उसके करीब जाने या उसे खुद भगाने का प्रयास न करें। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

निधन

जोहन राम सोनबेर



गुरूर। ग्राम खोरदो निवासी जोहन राम सोनबेर का निधन हो गया है। वे छत्तीसगढ़ रामधुनी से जुड़े थे। वे गोकर्ण सोनबेर के पिता थे।

नकुल राम आठे



जामगांव आर। ग्राम बटरेल निवासी सेवानिवृत टाइमकीपर नकुल राम आठे का निधन हो गया, उनका अंतिम स्थानीय संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे रेवा राम आठे, महेंद्र आठे के पिता तथा नीरज, टिकेश्वर आठे के दादा थे।

चंद्रिका बाई सिन्हा



बालोद/कलंगपुर। ग्राम कलंगपुर निवासी चंद्रिका बाई सिन्हा 78 वर्षीय का हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अधिवक्ता बाबूलाल सिन्हा एवं डॉ रोशन लाल सिन्हा की माता थी।

पर्व

यातायात व्यवस्था ध्वस्त होने से राहगीर रहे परेशान

भक्ति और उल्लास के साथ निकाली गई विसर्जन शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद





जिला मुख्यालय बालोद में बुधवार 21 अक्टूबर को मां दुर्गा एवं जोत-जवारा की विसर्जन शोभायात्र श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उल्लास के साथ निकाली गई। डीजे, ढोल-नगाड़ों, जसगीतों और माता के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो गया। नगरवासियों ने मां दुर्गा, मां सरस्वती, मां काली एवं जोत-जवारा की पूजा-अर्चना कर परिवार सहित जिलेवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

विसर्जन शोभायात्र को लेकर नगर में दिनभर उत्सव जैसा माहौल रहा। मां दुर्गा की विभिन्न समितियों द्वारा स्थापित प्रतिमाओं को ट्रैक्टर, ट्रॉली एवं ट्रकों में आकर्षक ढंग से विराजित किया गया था। वाहनों के आगे जोत-जवारा, डांग-डोरी और पारंपरिक वाद्ययंत्रें के साथ माता सेवा मंडलियों के सदस्य जसगीत गाते हुए चल रहे थे। वहीं, बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता की भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए। माता के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर नगरवासियों की ओर से जगह-जगह विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, विभिन्न दुर्गा समितियों की प्रतिमाओं को पूरे नगर में भ्रमण कराने के बाद जयकारों के साथ तालाब तक ले जाया गया। यहां पंडित द्वारा वैदिक मंत्रेच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती की गई। धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात मां दुर्गा की प्रतिमाओं एवं जोत-जवारा का विसर्जन किया गया। धार्मिक उत्साह के बीच विसर्जन शोभायात्र के दौरान नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही। नगर के विभिन्न तिराहों और चौराहों पर लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। इसके चलते अपने कामकाज के लिए आने-जाने वाले नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आरोप है कि पूर्व में आयोजित धार्मिक शोभायात्राओं के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से दिखाई देने वाली चाक-चौबंद सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था इस बार अपेक्षा—त नजर नहीं आई। यातायात प्रबंधन में कमी के कारण आम नागरिकों को असुविधा झेलनी पड़ी। धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह के साथ-साथ आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बेहतर यातायात प्रबंधन की आवश्यकता भी महसूस की गई। जहां अधिकांश जगहो में समिति के सदस्यो द्वारा ही यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए वाहनो को आने जाने का रास्ता देने व मार्ग में आवागमन बंद होने व अन्य दूसरे मार्ग से आवागमन करने का सुझाव समिति के सदस्यो के द्वारा देते दिखा। जहां पुलिस के जवान एक दो जगहो पर ही नजर आए लेकिन उनकी उपस्थिति के बाद भी कोई पहल करते नजर नही आए। जिसके कारण कई मार्गो पर राहगिरो को जाम का सामना करना पड़ा।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का दो दिवसीय बालोद दौरा 23 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- विकास कार्यों की सौगात के साथ होगा हितग्राहियों का सम्मान

जिले में आगामी 23 और 24 अक्टूबर को उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के दो दिवसीय प्रवास को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस दौरान विभिन्न विभागों के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल और सुचारू आयोजन के लिए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कार्यक्रम में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और हितग्राहियों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही हितग्राो विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्री एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम स्थल पर मॉडल विलेज नारागांव, एमवीएस, प्रोजेक्टर दिनकर और विज्ञान केंद्र से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत नारागांव की वेंडर दीदियों के सम्मान की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों को आवश्यक समन्वय करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा तथा बेटी कार्यक्रम के संचालन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरण की व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं, ताकि योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा सके। कार्यक्रम के आयोजन और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार वैद्य को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा द्वारा जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन करने और कार्यक्रम की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

रनचिरई में जनपद सभापति कौशल किशोर ने भेंट किया पानी टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही



- गांव में जलप्रदाय सुविधा के लिए उठाया कदम

सभापति जनपद पंचायत गुण्डरदेही कौशल किशोर साहू द्वारा अपने जनपद क्षेत्र के ग्राम रनचिरई में जलप्रदाय हेतु पानी टैंकर भेंट किया गया। इस दौरान वे रात्रि मे दशहरा उत्सव मे भी शामिल होकर भगवान श्री रामचंद्र की पुजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

कौशल किशोर साहू ने कहा हमारी सरकार सबसे पहले मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देती है और आज हमें बहुत ही खुशी हो रही है कि आज दशहरा के दिन पानी टैकर का शुभारंभ किया गया। गांव की मूलभूत सुविधा के लिए जलप्रदाय हेतु पानी टैंकर प्रदान की उन्होंने सरपंच से कहा कि यह पानी टैंकर गांव मे किसी की शोक कार्यक्रम एवं बेटी विवाह में पूर्ण रूप से निशुल्क दिया जाए। इस अवसर पर सरपंच रुखमणी गजेंद्र निर्मलकर, अध्यक्ष सेवा सरकारी समिति रमेश चंद्राकर, अखिलेश मिश्रा, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज सुधीर साहू, उप सरपंच डेविड साहू, डोमन साहू, मोहन गुरुजी, तेजराम साहू, सुखराम साहू, दीपक साहू, मकसूदन साहू, कैलाश साहू, परदेसी राम साहू, समस्त पंचगण एवं ग्रामीण जन एवं रामलीला मंडली के समस्त कलाकार उपस्थित थे।

पसौद में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 1 नवंबर से

बालोद। ग्राम पसौद (लाटाबोड़) में छः दिवसीय ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 1 नवंबर से 6 नवंबर तक किया जाएगा। सोल्जर स्ट्राइक इलेवन क्रिकेट क्लब पसौद के तत्वावधान में प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

समिति के अध्यक्ष पूर्व सैनिक दिनेश कुमार साहू कप्तान एवं कोषाध्यक्ष सैनिक गिरीश कुमार साहू ने बताया ग्रामीण क्षेत्रें में क्रिकेट के प्रति युवाओं की रुचि को बढ़ावा देने, खेल भावना विकसित करने और स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 30,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 20,000 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 10,000 रुपये दिया जाएगा। इसके अलावा आयोजकों ने खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पुरस्कारों की भी व्यवस्था की है। जिसमे समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष वालकिशन, कप्तान एवं कोशाध्यक्ष गिरीश कुमार, सचिव भूपेन्द्र साहू, उपकप्तान तेजप्रकाश, सलाहकार भावदास, कोमल साहू, टीम मैंबर हितेश, मनीश, लोमन साहू, थलेश्वर व सदस्यो के साथ ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।

प्रिंस साहू, चंदन, प्रदीप सेन, लोकेश्वर साहू, राकेश, प्रीतम साहू, खोमन पटेल, फूलचंद साहू, पंकज, ललित निर्मलकर, सचिन, दानी, प्रीतम, गुणेश्वर निशाद, राजेश निर्मलकर, राहुल पटेल, सागर, पीयुश साहू, सोल्जर स्ट्राईक इलेवन में महेन्द्र साहू, तुशार, नंदकिशोर, चिमन लाल, गोपेन्द्र, राहुल, कमलनारायण, उज्जवल, गणेश पटेल, नरेन्द्र साहू, सोनू साहू, हितेश साहू, गुलशन कुमार, जागृत दास व ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।

भोईनापार में श्रद्धा और उल्लास के साथ दुर्गा की प्रतिमा का किया विसर्जन



बालोद। नौ दिनों तक चलने वाली शारदीय क्वांर नवरात्रि का पर्व के अवसर पर ग्राम भोईनापार एवं आस पास के ग्रामों में जगत जननी मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की गई थी, जिनकी विसर्जन शोभायात्रा विभिन्न गलियों से गुजरकर डांग डोरी एवं ट्रैक्टरों के माध्यम से सेवा गीत गाते हुए श्रद्धा एवं उल्लास के साथ निकाली गई, जहां भक्तिमय वातावरण देखने को मिली। जय अम्बे, जय दुर्गे की जयकारे लगाए गए, माता रानी की शुभ मुहूर्त पर पूजा अर्चना किया गया। ग्राम भोईनापार में कलामंच में विराजित मां दुर्गा का विसर्जन शीतला तालाब में की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

खोरदो में दुर्गा प्रतिमा को किया विसर्जन



गुरूर। ग्राम खोरदो में 9 दिनों तक मां दुर्गा की पूजा अर्चना पश्चात मां दुर्गा की प्रतिमा को तालाब में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर मां दुर्गा की शोभा यात्र निकाली गई।

बेलमांड में विजयादशमी पर माता का भंडारा श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



बालोद। नवरात्रि के पावन अवसर पर विजयादशमी के उपलक्ष्य में ग्राम बेलमांड में माता का भंडारा आयोजित किया गया। माता के प्रति श्रद्धा और आस्था के साथ आयोजित इस भंडारे में ग्राम बेलमांड के समस्त ग्रामवासियों सहित आस पास के गांवों से आए धर्मप्रेमी, श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम बेलमांड में विगत कई वर्षों से दशहरा पर्व के अवसर पर माता का भंडारा आयोजित करने की परंपरा चली आ रही है। समिति द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से प्रतिवर्ष इस धार्मिक आयोजन को संपन्न कराया जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था को बढ़ावा देने के साथ ही ग्राम में आपसी सद्भाव, एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। आयोजन समिति के पदाधिकारी चुन्नी आडिल, संजय गांवरे, चम्पा यादव, कृष्णा यादव, मनहरण चिराम, भागी तारम, महादेव गांवरे, राजू गांवरे, भूपेश साहू, राम स्वरूप एवं जितेन्द्र यादव ने आयोजन का सहयोग रहा।

सिकोसा में 25 को मनेगा दशहरा उत्सव

हरिभूमि न्यूज. बालोद/सिकोसा



ग्राम सिकोसा में नव जन जागरण दशहरा उत्सव समिति एवं ग्रामवासी के तत्वावधान में दशहरा उत्सव बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जा रहा है, समिति द्वारा जारी आमंत्रण पत्र के अनुसार उत्सव का मुख्य कार्यक्रम रविवार 25 अक्टूबर को रखा गया है। कार्यक्रम के तहत रामलीला का मंचन शाम 7:30 बजे से होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 10:30 बजे से होगा। इस वर्ष उत्सव का विशेष आकर्षण अनुराग धारा कविता वासनिक की प्रस्तुति होगी, जो रात्रि 10:30 बजे से प्रारंभ होगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधानसभा के विधायक कुंवर सिंह निषाद उपस्थित रहेंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर करेंगी। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, जसवंत सिन्हा, अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, रीना डोमन देशमुख, राकेश शर्मा, ममता सेन, नितीश मोन्टी यादव, ममता निजानंद चंद्राकर, पुष्पेन्द्र चंद्राकर, लेखराम साहू, केके.राजू चंद्राकर, आरोप चंद्राकर, आसिफ गहलोत, सरपंच प्रीतम ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

आयोजन समिति के अध्यक्ष द्वारिका बारले, उपाध्यक्ष सुखित लहरे, कोषाध्यक्ष अर्जुन बारले, सचिव रिंकू बंजारे, सह सचिव संतोष कुर्रे एवं संरक्षक संजय बारले, नरेश बारले, विजय बारले, हेमलाल मारकंडे, डेकुमार गोयल व ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।

साध्वी प्रियंका श्री जी मसा ने दिया आत्मसंयम और सदाचार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडी

- इन्द्रियों पर नियंत्रण रखने से जीवन में आती है शांति

नगर डोंडी स्थित जैन भवन में साध्वी प्रियंका श्री जी मसा आदि ठाणा-4 के सानिध्य में प्रतिदिन प्रवचन एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। धर्मसभा में जैन समाज के महिला-पुरुषों के साथ बच्चे भी उत्साहपूर्वक शामिल हो रहे हैं। साध्वी श्री जी के प्रवचनों से समाजजनों को धर्म, सदाचार, आत्मचिंतन और जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा मिल रही है।

धर्मसभा में साध्वी प्रियंका श्री जी मसा ने इन्द्रियों पर नियंत्रण रखने और दूसरों की निंदा से बचने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपनी इच्छाओं, विचारों और व्यवहार पर संयम रखना चाहिए। इन्द्रियों का विवेकपूर्ण उपयोग करने से व्यक्ति मानसिक अशांति और अनावश्यक विवादों से बच सकता है।

आत्मसंयम से मिलती है आध्यात्मिक उन्नति

साध्वी श्री जी मसा ने बताया कि आंखों, कानों, जिह्वा और वाणी का सदुपयोग करना आवश्यक है। व्यक्ति को ऐसा व्यवहार करना चाहिए, जिससे दूसरों के प्रति सम्मान और सद्भावना बनी रहे। मन पर नियंत्रण और कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना आत्मसंयम का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

निंदा से बचकर अपने आचरण में करें सुधार

उन्होंने कहा कि दूसरों की कमियां निकालने और पीठ पीछे बुराई करने से आपसी संबंधों में दूरी तथा गलतफहमियां बढ़ सकती हैं। दूसरों के दोष देखने के बजाय व्यक्ति को अपने भीतर झांककर अपनी कमियों को पहचानना चाहिए। बोलने से पहले विचार करना और मधुर वाणी का प्रयोग करना परिवार तथा समाज में सौहार्द बनाए रखने में सहायक है। साध्वी श्री जी ने बच्चों और युवाओं को भी संयम, विनम्रता, करुणा तथा नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। जैन भवन में चल रहे धार्मिक कार्यक्रमों से समाज में आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है। प्रवचन का संदेश रहा कि इन्द्रियों पर नियंत्रण रखें, वाणी का सदुपयोग करें और निंदा के बजाय आत्मचिंतन को जीवन का हिस्सा बनाएं।

जामगांव आर से 14 धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए दल रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

संघपति के साथ 47 तीर्थ यात्रायिों की स्पेशल बस जामगांव आर से बुधवार को 14 स्थलों की यात्रा का श्री गणेश किए। विदित हो कि यह यात्रा शासन के द्वारा नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्वयं स के वरिष्ठ स्वयंसेवक सीमान्त कृषक कामता प्रसाद साहू जामगांव आर द्वारा स्वयं के खर्च पर आयोजित किया गया है, यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व सभी तीर्थ यात्रायिों को श्री साहू ने बेहतरीन शाल भेंट किए।

विदित हो कि श्री साहू गत वर्ष जनहित में 200 पल्स फलदार छायादार वृक्ष की लंबी श्रृंखला उपतहसील के सामने से नाला जाने वाली रोड के दोनों किनारे स्वयं के खर्च पर लगवाए और संरक्षण भी प्रदान कर रहे है।

परहित सरिस धर्म नहीं भाई पर पीड़ा सम नहीं अधिमाई के भाव के

- अपने खर्च पर 47 बुजुर्गों को तीर्थयात्रा करा रहे कामता प्रसाद साहू

साथ यात्रा की योजना बनाने वाले श्री साहू कहते है स्वयं के पुरुषार्थ से कमाए गए धन का उपयोग परिवार एवं अन्य सीनियर सिटीजन को तीर्थ यात्रा कराने विचार मन में आया। श्री साहू ने कहा कि पुण्य प्रबल होने पर ही ऐसा पावन कार्य होते है यह मेरा सौभाग्य है। दर्शनीय स्थल हीराकुंड बांध, संबलपुर समलाई, चन्द्रभागा, कोणार्क, जगन्नाथपुरी, कबीर चौरा, साक्षी गोपाल, नंदनकानन, उदयगिरी-खंडगिरी, लिंगराज, तप्तकुंड, नरसिंह नाथ, और घुंचापाली से वापसी की योजना है।

उपतहसील जामगांव आर स्तरीय योग समिति अध्यक्ष डॉ गुलाब सिंह साहू कहते है कामता प्रसाद साहू की समाजसेवा जनसेवा शैली प्रेरणादाई होती है।

तीर्थ यात्रा में शामिल साजा, जरवाए, आमदी, टेमरी, नवागांव, अरकार, अमलीडीह, कोसागोंदी, सुर्रा, कंवर, बोदेली, पेंडरवानी, कुर्मीगुंडरा जामगांव आर से कामता प्रसाद साहू, खेमीन बाई साहू, रमन लाल साहू, विशेश्वरी साहू, लुकेश साहू, सुखियारिन, रोमेल साहू, ताम्रध्वज साहू, देवनारायण साहू, निर्मला साहू, उषा बाई, टोमिन, शकुन बाई यादव, रोमीने बाई, सरोजनी यादव, रामअसरा साहू, रुपुष्पा बाई, तुशार साहू शामिल है।







खबर संक्षेप

सुंदर नगर में मकान का टूटा ताला

भिलाई। मकान में ताला जड़कर कन्या भोज कराने गई महिला के मकान से सोना चांदी के जेवरात पार हो गया। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि सुंदर नगर वार्ड 57 दुर्ग निवासी लोकेश्वरी शर्मा 18 अक्टूबर की शाम दीदी मधु बाई के यहां कैलाश नगर जाने के लिए निकली थी। इस दौरान मकान में ताला जड़कर गई हुई थी। दूसरे दिन सुबह पड़ोसी ने फोन काल कर मकान में चोरी होने की सूचना दी। मकान के मेन गेट का ताला खुला पड़ा मिला। ताला खुला होने पर संदेह हुआ तब मकान में प्रवेश करने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। ट्राली बैग मे रखे सोना चांदी के जेवरात, बैग मे रखे 10 हजार 500 रूपये नगदी और दो सिलिंग फैन समेत घरेलू सामान भी गायब मिला। जिसकी कुल कीमत 55 हजार 500 रूपये आंकी गई है।

रात में लगने लगी ठंड, पारा 20 डिग्री के आसपास पहुंचा

दुर्ग। ट्विनसिटी में रात का तापमान गिरने लगा है। पारा 20 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। मंगलवार को रात का तापमान 20.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उत्तरी हवा का असर शुरू हो गया है। हवा में नमी ज्यादा थी, इसलिए ठंडी हवा के असर से रात में ठंड महसूस की जा रही है।

बाइक की ठोकर से सब्जी बेचने वाले की हुई मौत

भिलाई। तेज रफ्तार से आ रहे एक बाइक ने सब्जी बेचने वाले को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में सब्जी बेचने वाले की मौत हो गई। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि 32 बंगला चौक के पास 18 अक्टूबर की रात तेज रफ्तार पल्सर बाइक की टक्कर से सब्जी बेचने वाले बसंत की मौत हो गई। हादसे में उनके दो दोस्त विनोद सागर, राजेंद्र ध्रुव घायल हो गए। टक्कर मारने वाला पल्सर सवार भी घटना में चोटिल हुआ। सभी घायलों को सेक्टर-9 अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान बसंत की मौत हो गई। बसंत अपने दोस्त विनोद ,राजेंद्र ध्रुव के साथ सीजी 07 एलबी 9389) से घर लौट रहे थे। तभी पल्सर बाइक (सीजी 07 बीएल 3209) ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

ठेकेदार के ऊपर गिरा गर्म लोहा, मौत

भिलाई। रसमड़ा स्थित प्लांट में हादसे की चपेट में आने से ठेकेदार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना रसमड़ा के फैक्ट्री की है। अंजोरा पुलिस ने बताया कि बोरई-रसमड़ा स्थित जेडी स्टील प्लांट में 17 अक्टूबर की रात मशीन से निकला 1500 से 1600 डिग्री सेल्सियस तापमान वाला पिघला लोहा अचानक ठेकेदार ग्राम निवासी श्यामपुर, थाना सुगौली, जिला पूर्वी चंपारण, बिहार निवासी संतोष कुमार श्रीवास्तव के ऊपर गिर गया। ठेकेदर संतोष गंभीर रुप से झुलस गए। उपचार के लिए उन्हें सेक्टर-9 अस्पताल ले जाया गया, जहां ठेकेदार ने दम तोड़ दिया। हादसे से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में आग की लपटों से घिरा व्यक्ति सीढ़ियों से नीचे की ओर भागता दिखाई देता है। आसपास मौजूद लोग उसे बचाने की कोशिश करते नजर आते हैं। संतोष कुमार श्रीवास्तव स्टील प्लांट में ठेकेदारी का काम करते थे।

पर्व : आकर्षक बग्घी और झांकियों ने मोहा मन

हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ राज दशहरा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर में इस वर्ष का राज दशहरा पर्व मंगलवार को पारंपरिक भव्यता, उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। विजयदशमी के इस पावन अवसर पर नगर के ऐतिहासिक राजबाड़ा से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें राजपरिवार की परंपरा और आधुनिक उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला।

विजयादशमी के दिन राजबाड़ा में विधिवत पूजन-अर्चन के पश्चात राजपरिवार के सदस्य शाही अंदाज में लाव-लश्कर के साथ आकर्षक बग्घी में सवार होकर रावण दहन स्थल के लिए रवाना हुए। शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियां और डीजे की धुनों पर थिरकते युवाओं ने पूरे मार्ग में माहौल को राममय बना दिया। शोभायात्रा के दौरान सबसे बड़ा आकर्षण विशालकाय शेर की मुंडी बनी हुई झांकी रही, जिसके ऊपर कलाकार शानदार 'शेर डांस' प्रस्तुत कर रहे थे। इसके अलावा, जुलूस में धनुष-बाण और तलवारों से लैस झांकियां भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा के पूरे मार्ग में आतिशबाजी का अद्भुत नजारा देखने को मिला। आसमान लाल, पीली और नीली रोशनी से सराबोर हो गया, जिसने पर्व के उत्साह को चार चांद लगा दिए। मार्गभर में डीजे की धुन पर युवा वर्ग नाचते-झूमते हुए 'रामजी की सेना' की तरह रावण दहन स्थल तक पहुंचा। विभिन्न मुख्य मार्गों से होती हुई शोभायात्रा निर्धारित रावण वध स्थल पर पहुंची। यहां पारंपरिक विधि-विधान और आतिशबाजी के बीच राजपरिवार के सदस्यों द्वारा रावण दहन किया गया। रावण के पुतले के धड़धड़ा कर जलते ही पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद विजय और हर्ष के उल्लास के साथ शोभायात्रा पुनः जुलूस के रूप में राजबाड़ा लौट आई। इस ऐतिहासिक और भव्य राज दशहरा पर्व को देखने के लिए डौंडीलोहारा नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



राजपरिवार के सदस्यों ने किया अभिवादन स्वीकार

सज-धज कर निकली आकर्षक बग्घी में राजपरिवार के सदस्य लाल कौशल सिंह टेकाम और नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम सहित अन्य गणमान्य सदस्य सवार थे, जो लगातार मार्ग में खड़े आम नागरिकों का हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार कर रहे थे।

हर्षोल्लास से मनाया विजयादशमी, बुराई पर अच्छाई की जीत का दिया संदेश





दल्लीराजहरा। विजयादशमी के अवसर पर दल्लीराजहरा के दशहरा मैदान में हर्षोल्लास के साथ रावण दहन किया गया। रावण के पुतले का दहन होते ही मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और आतिशबाजी के बीच दशहरे का उत्सव मनाया गया। दशहरा असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीराम ने लंका के राजा रावण का वध कर माता सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया था। वहीं, यह पर्व मां दुर्गा द्वारा महिषासुर के वध के माध्यम से शक्ति और धर्म की विजय का भी प्रतीक माना जाता है। रावण दहन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि समाज को अहंकार, अन्याय, छल और बुराइयों का त्याग करने का संदेश भी देता है। रावण विद्वान और शक्तिशाली होने के बावजूद अपने अहंकार और अधर्म के कारण विनाश को प्राप्त हुआ। यह प्रसंग याद दिलाता है कि शक्ति और ज्ञान का महत्व तभी है, जब उनका उपयोग धर्म और जनकल्याण के लिए किया जाए। दशहरा मैदान में आयोजित रावण दहन के साथ नगर में उत्सव का माहौल बना रहा। पर्व ने लोगों को आपसी सद्भाव, सत्य, मर्यादा और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

हिंदू सेना ने किया शस्त्र पूजा, बुराई पर अच्छाई की जीत का दिया संदेश



दल्लीराजहरा। विजयादशमी पर बालोद जिला हिंदू सेना ने शिव संस्कार धाम मंदिर परिसर में विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य शस्त्र पूजा की। पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री निलेश श्रीवास्तव और जिला अध्यक्ष नंदा पसीने सहित शहर के गणमान्य नागरिकों ने शस्त्र पूजन किया। अतिथि के रूप में ट्रक एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रणजीत सिंह राणे, समाजसेवी बचीत्तर सिंह संधू, वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण जैन बॉबी, कलाकार एवं समाजसेवी मारतन सिंह, राजा, उपेंद्र सिंह और संजय सिंह उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि विजयादशमी सत्य की असत्य और अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक है। यह पर्व समाज में प्रेम, भाईचारे और सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने हिंदू सेना के सामाजिक कार्यों और जनजागरण के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर संगठन संरक्षक आशा सिंह, किरण सिन्हा, जिला महामंत्री दामिनी साहू, जिला उपाध्यक्ष मनजीत कौर, नगर अध्यक्ष शंकर साहू, मातृशक्ति नगर अध्यक्ष संगीता रजक, नगर उपाध्यक्ष साक्षी खटवानी, ज्योति राजा भोज, मातृशक्ति नगर महामंत्री पुष्पा साडित्य, नगर उपाध्यक्ष गोलू जायसवाल सहित संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया विजयादशमी पर्व, निकली शोभायात्रा

गुरूर। क्वांर नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर नगर गुरूर के प्रमुख स्थलों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया था, जहां श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्रि के नौ दिन तक मां दुर्गा के नौ रूपों का पूजा अर्चना कर शुभ समृद्धि की कामना की गई। इसके पूर्व नवमी को मां शीतला मंदिर से शोभा यात्रा के साथ जोत जंवारा का विसर्जन किया गया। मंगलवार को बाजार चौक, बस स्टेंड, वार्ड क्रमांक 1, देऊर मंदिर, टिकरा पारा से मां दुर्गा की भव्य शोभा यात्र नगर विकास समिति गुरूर के मार्गदर्शन में निकाली गई। जहां डांग – डोरी, देवी –देवता, बाजे गाजे के साथ नाचते झूमते हुए शोभा यात्र नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकल गई, जहां जगह–जगह श्रद्धालुओं द्वारा मां दुर्गा की आरती उतारकर पूजा अर्चना किये। नगर में रात्रि में रैनी मारने की परंपरागत उत्सव का आयोजन किया गया। बाजार चौक कलामंच में रामलीला का आयोजन एवं रावण दहन कर विजयादशमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर विकास समिति गुरूर के अध्यक्ष मुरलीधर चौधरी, सरंक्षक हेमलाल ध्रुरव, सचिव नरेन्द्र कुमार साहू, उपाध्यक्ष मोहित राव ठाकरे, कोषाध्यक्ष धनेश यादव, सह सचिव डामेंश्वर प्रसाद साहू, जागेश्वर साहू, मोतीलाल साहू, भारत राम यादव, कोषाध्यक्ष छन्नूलाल साहू, भादूराम, बलीराम साहू, जागेश्वर राव ठाकरे, जागेश्वर साहू, अना राम यादव, यादव, संतुराम साहू, मंदिर पुजारी सोमन नेताम, कांतु ठाकुर, नम्मू राम, मन्नू ठाकुर, दुर्गा समिति के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित थे।





धूमधाम से मना विजयादशमी पर्व

डौंडी। नगर डोंडी में असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राजा बाड़ा से भगवान श्रीराम की विजय यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जुलूस पुलिस मैदान पहुंचा, जहां मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस मैदान में भगवान श्रीराम और रावण के बीच जीवंत युद्ध का मंचन किया गया, जिसे देखने बड़ी संख्या में नगरवासी पहुंचे। अंत में रावण के पुतले का दहन किया गया। पुतला जलते ही पूरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। आयोजन ने लोगों को सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मंदिर समिति अध्यक्ष खोमान धुर्वे, सुनील राठौड़, अध्यक्ष मोहन्तिन चौरका, पूर्व अध्यक्ष खिलेन्द्र भुवार्य, विधायक प्रतिनिधि कैलाश राजपूत तथा व्यापारी संघ अध्यक्ष तिलक दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। हजारों नगरवासियों की सहभागिता से उत्सव की रौनक बढ़ गई। परिवारों सहित पहुंचे लोगों ने विजय यात्रा और रावण दहन का आनंद लिया। आयोजन ने नगर की धार्मिक परंपराओं, सामाजिक एकता और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का संदेश दिया।

कुसुमकसा में दुर्गा, सरस्वती की प्रतिमाओं और ज्योत-जंवारा का किया विसर्जन



कुसुमकसा। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर कुसुमकसा में विराजित मां दुर्गा और मां सरस्वती की प्रतिमाओं सहित ज्योत-जंवारा का विसर्जन हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे गांव में शोभायात्रा निकाली। मां के जयकारों और जसगीतों से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। कुसुमकसा के गैरेज पारा, तालाब पारा, कुआं चौक और शांतिनगर में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं तथा आजाद चौक में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालु अलग-अलग वाहनों से विसर्जन यात्रा लेकर निकले। सभी प्रतिमाएं काली मंदिर के पास एकत्रित हुईं। इसके बाद श्रद्धालु एक साथ देवदहारा नदी पहुंचे। शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर ज्योत-जंवारा रखकर चल रही थीं। विसर्जन के दिन काली मंदिर के पुजारी अमर सिंह साहू ने मां के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा प्रकट की। उन्होंने मंदिर परिसर में कांटों की सैया पर लेटकर सीने पर खप्पर रखा। इसके बाद डोली के सहारे सरोवर तक पहुंचे। भक्तों ने डोली को कंधों पर उठाकर मां के जयकारों के साथ आगे बढ़ाया। यह दृश्य श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। **पूजा-अर्चना के बाद दी भावभीनी विदाई:** देवदहारा नदी पहुंचने पर पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना और आरती कराई गई। इसके बाद मां दुर्गा, मां सरस्वती की प्रतिमाओं तथा ज्योत-जंवारा का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने मां से परिवार सहित पूरे गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

फुटबॉल स्टेडियम में विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया

दल्लीराजहरा। लौह नगरी दल्लीराजहरा के पं. जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल स्टेडियम में विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। हजारों लोगों की भीड़, बढ़ी दुकानों की रौनक और मेले जैसे माहौल ने आयोजन को भव्य बना दिया। सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति की विद्युत, ध्वनि और सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच कलाकार मार्तंड सिंह ने माता के गीतों से समां बांधा।

- राजहरा की एकता और परंपरा की हुई सराहना

अतिथियों के उद्बोधन के बाद भगवान श्रीराम की सेना की पूजा-अर्चना कर रावण दहन किया गया।

राजहरा की एकता ने किया प्रभावित: मुख्य अतिथि बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक आनंद कुमार सिंह ने कहा कि भिलाई में दशहरा और गरबा आयोजनों में शामिल होने के बावजूद राजहरा में दिखा उत्साह और समर्पण उन्हें विशेष रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने नगर के विकास के लिए बीएसपी प्रबंधन की भूमिका को जिम्मेदारी बताते हुए सहयोग का भरोसा दिलाया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि रावण का बढ़ता कद अहंकार का प्रतीक है, जिसका अंत निश्चित है। उन्होंने सनातन परंपराओं को जीवित रखने के लिए परिवार सहित उत्सव में पहुंचे लोगों की सराहना की। केंद्रीय विद्यालय की मांग, पट्टा वितरण और रावघाट रेल लाइन का भी उल्लेख किया।



शहर के विकास के लिए बीएसपी से सहयोग की मांग

नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने टाउनशिप की शेष सड़कों का डामरीकरण कराने और वार्ड 1, 2, 3, 5 व 9 में वर्षों से बसे खदान मजदूर परिवारों के लिए बची 130 एकड़ अनुपयोगी जमीन नगर पालिका को सौंपने की मांग उठाई, ताकि नियमानुसार पट्टा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि शहर की आबादी में गिरावट चिंता का विषय है और दल्लीराजहरा को फिर से बसाने के लिए बीएसपी प्रबंधन का सहयोग जरूरी है। उन्होंने 5,797 लोगों को पट्टा मिलने और जल आवर्धन योजना से एक वर्ष में सभी वार्डों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की जानकारी भी दी।

नारी शक्ति और साइबर सुरक्षा पर जोर

समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं एथलेटिक्स संघ के जिला सचिव बालमुकुंद सिंह ने कविता के माध्यम से स्वागत करते हुए युवा पीढ़ी और नारी शक्ति के महत्व को रेखांकित किया। वहीं, थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने साइबर ठगी से बचने के लिए अनजान लिंक से दूर रहने और ओटीपी व बैंक संबंधी जानकारी साझा नहीं करने की अपील की। उन्होंने ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति वर्ष 1993 से जनसहयोग के माध्यम से आयोजन करती आ रही है। समिति ने बंद होने की कगार पर पहुंचे दशहरा उत्सव को फिर से जीवंत किया। वर्ष 2000 में फुटबॉल मैदान में 36 फुट ऊंचा रावण बनाया गया। समिति के अनुसार, वर्ष 2006 से जनचंदा लेना बंद कर बैंक में जमा राशि के ब्याज से उत्सव आयोजित किया जा रहा है। समिति ने रामलीला और रामायण धारावाहिक के प्रदर्शन के साथ हनुमान मंदिर एवं संगमरमर की प्रतिमा की स्थापना में भी योगदान दिया है। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति, कन्या भोज के साथ गूंजा संस्कारों का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

क्वार महाष्टमी के पावन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ दल्लीराजहरा में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ, कन्या भोज, विशाल भंडारा और विभिन्न संस्कारों का आयोजन किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विश्व शांति, सद्भावना और जनकल्याण की कामना की गई।





गायत्री मंत्र के साथ महायज्ञ, कई संस्कार सम्पन्न: गायत्री परिवार के परिजनों ने महायज्ञ में आहुतियां देकर सुख-समृद्धि और विश्व शांति की प्रार्थना की। परिव्राजक देव प्रसाद आर्य ने विधि-विधान से संस्कार सम्पन्न कराए। बंशीलाल रावटे, रेणुका गंजीर और सावित्री सोनी ने यज्ञ संचालन किया, जबकि सोहन साहू ने संगीत संगत दी। इस अवसर पर अन्नप्राशन, दीक्षा, मुंडन और पुंसवन संस्कार भी कराए गए।

गर्भ से ही शुरू होता है संतान का निर्माण : रेणुका गंजीर

पुंसवन संस्कार के दौरान रेणुका गंजीर ने कहा कि बच्चे का व्यक्तित्व और संस्कार गर्भ से ही आकार लेने लगते हैं। माता-पिता के आचरण और वातावरण का संतान पर गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने प्रह्लाद का उदाहरण देते हुए गर्भावस्था से ही अच्छे संस्कार देने तथा संस्कारवान संतान के निर्माण को समाज और राष्ट्र के प्रति दायित्व बताया।

गायत्री शक्तिपीठ संस्था नहीं, एक परिवार : हीरालाल: शक्तिपीठ के व्यवस्थापक हीरालाल पवार ने कहा कि गायत्री परिवार प्रेम, अपनत्व और त्याग के भाव से व्यक्ति निर्माण का कार्य करता है। हम सुधरेंगे-युग सुधरेगा के सिद्धांत पर परिवार निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया जा रहा है।

कन्या पूजन के साथ विशाल भंडारा

कार्यक्रम के समापन पर बालिकाओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया और कन्या भोज कराया गया। इसके बाद गायत्री परिवार के सदस्यों एवं नगरवासियों के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नंदकिशोर पिस्दा, संतोष कुमार कोरटिया, हुलास देवांगन, हीरालाल पवार, सोनसाय लटियारे, विजेंद्र विश्वकर्मा, धरमपाल नायक, टीकम साहू, जीवन लाल साहू, रेणुका गंजीर, सावित्री सोनी, संगीता कोरटिया, बंशीलाल रावटे, डोमन यादव, राजेन्द्र देशमुख, पितांबर साहू और धर्मेंद्र वर्मा सहित गायत्री परिवार के सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

